# राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

प्लास्टिक से बने उत्पाद हमारे जीवन के हरेक क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है इसमें एकल उपयोग प्लास्टिक का योगदान सबसे ज्यादा है जिसका निपटान नहीं हो पाता है और ये हमारे इर्दगिर्द जमा होते जा रहे है। इनका समुचित निपटान नहीं होने से हमारे जीवन एवं पर्यावरण के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा निम्न वर्णित एकल उपयोग प्लास्टिक के विनिर्माण, आयात, परिवहन, संग्रहण, बिक्री एवं उपयोग को दिनांक 01.07.2022 से प्रतिबंधित किया गया है।

इस संबंध में बच्चों में जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् राज्य स्तर पर एक प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। इसमे विद्यालयों का सहयोग अपेक्षित है।
दिनांक 01.07.2022 से प्रतिबंधित किये जाने वाले एकल उपयोग प्लास्टिक(थर्मोकोल समेत) निम्न है:-

(क) प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडिया, पॉलीस्टाइरीन (थर्मोकोल) की सजावटी सामग्री;

(ख) कटलरी जैसे- प्लेट, कप, गिलास, कॉटा, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, स्टरर, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, 100 माईक्रोन से कम मुटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

1. विद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन: दिनांक 18.04.2022; 12:00 बजे अपराह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक;
2. विद्यालय द्वारा मूल्यांकन कर चयनित सर्वश्रेष्ट एक लेख को राज्य पर्षद् के ई.मेल आई.डी. bspcb.essay@gmail.com पर प्रेषित करने की अन्तिम तिथि : 20.04.2022 को संध्या: 05 बजे तक;
3. पुरस्कार वितरण समारोह- दिनांक 05 जून, 2022 (विश्व पर्यावरण दिवस)

| क्र.सं. | लेख का विषय | विषय |
|---|---|---|
| 1. | वर्ग समूह (क) वर्ग 8 तक के छात्र / छात्राएं | एकल उपयोग प्लास्टिक / थर्मोकोल से होने वाली हानियां |
| 2. | वर्ग समूह (ख) वर्ग 9 से 12 तक के छात्र / छात्राएं | एकल उपयोग प्लास्टिक / थर्मोकोल - हानियां एवं विकल्प |

**शर्त्ते**

1. इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय शामिल हो सकते है,
2. निबंध लेखन प्रतियोगिता राज्य में अवस्थित विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित किया जायेगा;
3. प्रतिभागियों को संबंधित विद्यालय का छात्र / छात्रा होना आवश्यक है;
4. निबंध लेखन A-4 आकार के कागज पर सुस्पष्ट एवं हस्तलिखित होना चाहिए;
5. निबंध लेखन की भाषा हिन्दी एवं लिपि देवनागरी होगी;
6. निबंध लेखन प्रतियोगिता दिनांक 18.04.2022 को 12:00 बजे अपराह्न से 01:00 अपराह्न तक आयोजित किया जायेगा;

7. निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रथम पृष्ठ के उपर के आधे भाग में निम्न प्रवृष्टियां होंगी। नीचे के आधे भाग से लेखन आरंभ किया जायेगा तथा पृष्ट के दूसरे तरफ भी उपर के आधे भाग को रिक्त छोड़कर नीचे से आरंभ किया जायेगा। उपर के आधे भाग को कोडिंग के लिए उपयोग किया जाना है।

1. जिला का नाम:-
2. विद्यालय का नाम:-
3. प्रतिभागी का नाम:-
4. प्रतिभागी का वर्ग:-
5. प्रतिभागी का क्रमांक:-
6. प्रतिभागी के माता / पिता का नाम:-
7. प्रतिभागी के घर का पता:-
8. प्रतिभागी अथवा अभिभावक का मोबाइल नम्बर:-
9. सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति विद्यालय द्वारा अपने लेटर पैड पर निम्न प्रकार से दर्ज की जायेगी:-

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | वर्ग | रौल नम्बर | मोबाइल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्राप्त लेख का मूल्यांकन संबंधित विद्यालय द्वारा किया जायेगा:-

(क) विद्यालय स्तर पर हस्तलिखित सर्वोत्तम चयनित लेख (प्रत्येक वर्ग समूह से मात्र एक) एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सूची विद्यालय के लेटर पैड पर होनी चाहिए। इसे स्कैन कर पर्षद् के ई.मेल आई डी. bspcb.essay@gmail.com पर भेजा जायेगा; एक विद्यालय से प्रत्येक वर्ग समूह के लिए मात्र एक ही प्रवृष्टि स्वीकार की जायेगी।

(ख) विद्यालय के सर्वोत्तम लेखों को पर्षद् के ई.मेल पर प्रेषित करने की अंतिम तिथि तथा समय दिनांक 20.04.2022 को अपराह्न 05:00 बजे की होगी। उक्त समय के बाद प्राप्त मेल को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

(ग) ई.मेल में विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्राचार्य का नाम एवं उनका संपर्क मोबाइल नम्बर अवश्य रहना चाहिए, जिससे पुरस्कृत प्रतिभागी की सूचना उन्हें भेजी जा सके।

11. पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होने वाले प्रतिभागियों, अभिभावकों / विद्यालय प्रतिनिधियों को यात्रा अथवा ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। पर्षद् इसके लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

**पुरस्कार:-**

1. राज्य स्तरीय सर्वोत्तम लेख
   1. प्रथम पुरस्कार - रू 20,000/- , प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो
   2. द्वितीय पुरस्कार- रू 15,000/- , प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो
   3. तृतीय पुरस्कार- रू 10,000/- , प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो
   4. जिला स्तरीय सर्वोत्तम लेख - 5,000/- , प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो।

2. राज्य स्तरीय पुरस्कृत प्रतिभागी जिला स्तरीय पुरस्कृत छात्र / छात्रा की सूची में शामिल नहीं होंगे।

3. पुरस्कृत प्रतिभागी के विद्यालय को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

सदस्य-सचिव

BIHAR

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना-800 010

दूरभाष नं0-0612-2261250/2262265, फैक्स-0612-2261050

ई-मेल-msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in